# प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 25.07.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

**बातचीत**

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना इस्तीफा भेजा है। इस बीच, केन्द्र सरकार अब से कुछ देर बाद नई दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी–सी.जे.पी. के प्रतिनिधिमंडल के साथ तीसरे दौर की वार्ता करेगी। इस बैठक में परीक्षा प्रणाली में सुधार और प्रश्न–पत्र लीक की घटनाओं को रोकने के उपायों पर प्रतिनिधिमंडल की मांगों पर चर्चा होगी। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने कल सी.जे.पी. प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की थी।

---

**धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि जन समस्याओं का समयबद्ध निपटारा करना सरकार की प्राथमिकता है। घुमारवीं में आज जनसुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार न केवल जन समस्याओं को गंभीरता से सुन रही है बल्कि इनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी जारी किए जा रहे हैं। धर्माणी ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी।

---

**वाइब्रेंट विलेज**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम 2026 के प्रतिभागियों से बातचीत करेंगे। इस अवसर पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 4 सौ से अधिक युवा प्रतिभागी प्रधानमंत्री से बातचीत करेंगे। विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम का आयोजन पिछले माह 4 से 30 जून तक दो चरणों में किया गया था, जिसमें हिमाचल प्रदेश सहित लद्दाख और उत्तराखंड के 74 वाइब्रेंट गांवों को शामिल किया गया था। प्रतिभागियों का चयन एक राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया था। इसमें 3 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया था।

---

**भाजपा**

भाजपा प्रदेश कांग्रेस सरकार के कथित जनविरोधी व भ्रष्ट नीतियों के खिलाफ जन आंदोलन शुरू करेगी। पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आज शिमला में बताया कि भाजपा मुख्यालय में हुई विशेष बैठक में जन आंदोलन शुरू करने को लेकर निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि अगले माह से ये

आंदोलन मंडल स्तर से शुरू होगा और चरणबद्ध तरीके से विधानसभा, ज़िला व प्रदेश स्तर तक चलाया जाएगा। इस बीच विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा जनता के बीच जाकर कांग्रेस सरकार की विफलताओं को उजागर करेगी।

----------------------------------------------------------------------

**मिंजर मेला**

चम्बा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला कल 26 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। ज़िला प्रशासन ने मेले के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता कल सुबह मिंजर मेले का विधिवत् शुभारम्भ करेंगे। इसके अलावा राज्यपाल शाम के समय सांस्कृतिक संध्याओं का भी शुभारम्भ करेंगे। इस मेले के दौरान विभिन्न गतिविधियां आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। इस बीच ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मेले के दौरान विधिक जागरूकता व सहायता शिविर भी लगाया जाएगा। शिविर का उद्देश्य लोगों को उनके कानूनी अधिकारों और जन कल्याणकारी विधिक योजनाओं की जानकारी देना है।

----------------------------------------------------------------------

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है। इसके प्रभाव से वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। पिछले कुछ दिनों से हो रही वर्षा से नदी–नालों का जलस्तर बढ़ा हुआ है। कांगड़ा ज़िले में हाल ही में हुई मूसलाधार वर्षा व बादल फटने की घटनाओं से अब तक करीब 80 करोड़ रूपए के नुकसान का प्रारंभिक आकलन किया गया है। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि प्रशासन लगातार स्थिति पर नज़र बनाए हुए है और सभी विभागों को राहत व पुनर्बहाली के कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस बीच, मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के दौरान कुछ ज़िलों में वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

----------------------------------------------------------------------

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये एक सौ 36वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी व दूरदर्शन के सभी चैनलों, ए.आई.आर. न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके अलावा ए.आई.आर. न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

----------------------------------------------------------------------